Annexure 10.3

प्रतिलिपि साधारण बोर्ड बैठक दिनांक 26.04.2017 प्रस्ताव सं0-ओ0/ए0 16/7, नगर पालिका परिषद, शाहजहाँपुर

16/7 प्रकाश अनुभाग की आख्या दिनांक 25.04.2017 द्वारा शासन के पत्र संख्या 994/नौ-7-17-27 (ज)/2004 दिनांक 14 अप्रैल, 2017 उर्जा बचत के दृष्टिगत पारम्परिक स्ट्रीट लाइटों को एल0ई0डी0 लाईटों में परिवर्तित करने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है जिससे विद्युत खपत कम की जा सकें। तत्क्रम में मा0नगर विकास मंत्री जी द्वारा यह निर्देश दिये गये है कि नगर पालिका परिषद के समस्त मार्गो, गलियों, खुले क्षेत्रों एवं पार्को को प्रकाशमान किया जाये। ऐसी टेक्नालॉजी के प्रकाशीय विद्युत उपकरण लगाये जाये जिससे विद्युत की खपत कम हो, इसी क्रम में ई-स्मार्ट इनर्जी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई के निदेशक श्री सुभाष सोनी नई दिल्ली के द्वारा संपर्क स्थापित कर अपना ऑफर दिनांक EESPL/SL/553/2016-17 दिनांक 25 अप्रैल, 2017 प्रस्तुत किया गया। इनके द्वारा नगर की समस्त अधिभार वाली स्ट्रीट लाइटों के स्थान पर एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट एवं एल0ई0डी0 फ्लड लाइट लगाकर विद्युत बिलों के व्यय को न्यूनतम विद्युतभार के अंतर के भुगतान पर 10 वर्ष के मेंटीनेंस सहित कंट्रोल (सी0सी0एम0एस0) लगाकर सम्पूर्ण नगर में स्थापना का कार्य कराया जायेगा। पुरानी स्ट्रीट लाइटों को नगर पालिका को सौंप दिया जायेगा। शासन के निर्देशानुसार नगर में एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइटों को लगाये जाने की समयसीमा निर्धारित की गई है। मा0बोर्ड के समक्ष उक्त प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत है।

संकल्पः- सर्वसम्मति से स्वीकार है। नियमानुसार औपचारिकतायें पूर्ण कराकर अग्रिम कार्यवाही हेतु अधिशासी अधिकारी/मा0अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया जाता है।

पढ़ा गयाः-

सुना गयाः-

प्रमाणित प्रतिलिपि
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
शाहजहाँपुर